(ग) इस पर कुल कितना खर्च आयेगा;

(घ) क्या सरकार इन राज्यों में नये इलैक्ट्रानिक टेलीफोन एक्सचेंज स्थापित करने का विचार रखती है; और

(ङ) यदि हां, तो स्थानों के नाम सहित उनका ब्यौरा क्या है, और

(च) देश में इलैक्ट्रानिक एक्सचेंजों की स्थापना सम्बन्धी वर्तमान स्थिति क्या है ?

**संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुख राम)** : (क) उत्तर प्रदेश में बिजनौर जिले में एक एक्सचेंज और मध्य प्रदेश में चार एक्सचेंज (अर्थात् जिला मन्दसौर में "एक", मुरैना में "दो" और शहडोल में "एक") मानव-चालित हैं।

(ख) 31 मार्च, 1993 तक।

(ग) अनुमानत: 9.27 करोड़ रुपए।

(घ) जी हां।

(ङ) पंजीकृत मांग के अनुसार प्रत्येक वर्ष बजट आवंटन का निर्णय होने के बाद ही नामों की सूची को अंतिम रूप दिया जाता है।

(च) 1992-93 के दौरान 16.44 लाख लाइनें जोड़ने की योजना बनाई गई है जिनमें से 15.64 लाख लाइनें इलैक्ट्रानिक हैं। 7.85 लाख लाइनें चालू की जा चुकी हैं।

**मध्य प्रदेश में माण्ड थर्मल पावर स्टेशन की लागत का बढ़ना**

*293. **श्री दिलीप सिंह जुदेव** : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश के रायगढ़ के जिले में माण्ड थर्मल पावर स्टेशन निर्माण संबंधी प्रस्ताव स्वीकृति हेतु सरकार के पास लम्बित हैं;

(ख) यदि हां, तो यह कब से लम्बित है और उसके क्या कारण हैं;

(ग) योजना की वर्तमान लागत तथा पूर्व-प्रस्तावित लागत में कितना अन्तर आ गया है; और

(घ) इस पावर स्टेशन का प्रस्तावित अनुमानित विद्युत उत्पादन कितना है और उससे लाभान्वित होने वाले राज्यों का ब्यौरा क्या है ?

**विद्युत मंत्री (श्री एन० के० पी० साल्वे)** : (क) और (ख) जी, नहीं। 370.99 करोड़ रु० की अनुमानित लागत वाले मण्ड ताप विद्युत केन्द्र (2 × 210 मेगावाट) को अधिष्ठापित किए जाने के बारे में मध्य प्रदेश बिजली बोर्ड (एम.पी.ई.बी.) ने 1983 में केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सी.ई.ए.) को परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। मध्य प्रदेश बिजली बोर्ड (एम.पी.ई.बी.), इस परियोजना के लिये अपेक्षित लिंकेज एवं स्वीकृतियां सुनिश्चित नहीं कर पाया था और परियोजना में पर्याप्त वन भूमि निहित होने के कारण 1990 में एम.पी.ई.बी. के अनुरोध पर केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा परियोजना पर आगे कार्यवाही नहीं की गई और प्रस्ताव को एम.पी.ई.बी. को लौटा दिया गया था।

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठता।

**राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (नैशनल थर्मल पावर कारपोरेशन) द्वारा मशीनरी का आयात**

*294. **श्री वीरेन जे० शाह** :
**डा० जिनेन्द्र कुमार जैन** :

क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय